**Regarding establishment of AIIMS in Prayagraj, Uttar Pradesh- laid**

श्री उज्ज्वल रमण सिंह **(इलाहाबाद) :** मैं सरकार का ध्यान प्रयागराज की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी ने 27 अगस्त 2017 को प्रयागराज में एम्स की स्थापना की घोषणा की थी । इलाहाबाद में एम्स की स्थापना के लिए 200 एकड़ की जमीन की तलाश यमुना पार के नैनी और शंकरगढ़ इलाके में की गई थी । परंतु हाल ही में केंद्र सरकार ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में यह जानकारी दी है कि प्रयागराज में एम्स की स्थापना करने का उसका कोई विचार नहीं है । संगम नगरी में एम्स का सपना संजोए लोगों के लिए यह खबर निराश करने वाली है । पिछले 10 वर्षों में प्रयागराज की आबादी में काफी वृद्धि हुई है जिसके परिणाम स्वरुप मौजूदा चिकित्सा बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव है । प्रयागराज में आधुनिक चिकित्सा की किल्लत है । इसके बावजूद प्रयागराज में एम्स की स्थापना के लिए जमीनी हकीकत का आकलन नहीं किया गया । गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए यहां के लोगों को या तो लखनऊ जाना पड़ता है या नई दिल्ली जाना पड़ता है, जिससे बहुत अधिक धन व समय की बर्बादी होती है ।